# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817


पत्रांक 1552 / w-16 / 131 दिनांक– 03-09-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **मिडिया चैनल स्वतंत्र प्रभात में दिनांक 24 अगस्त 2026 को प्रकाशित शीर्षक "फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना फ्लॉप" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मिडिया चैनल स्वतंत्र प्रभात में दिनांक 24 अगस्त 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना फ्लॉप"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड कोन के ग्राम कुडवा, कचनरवा, सिधवादामर व बड़ाप में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत हर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर द्वारा कराया गया है। योजना पर पूर्व में बिछाई गयी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी थी। योजनान्तर्गत क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन की मरम्मत करा दी गयी है। वर्तमान में योजना से जलापूर्ति की जा रही है। योजनान्तर्गत जिन ग्रामों नें गृह संयोजन छूट गये है, उन ग्रामों में फर्म के माध्यम से गृह संयोजन कराये जा रहे है।

पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है साथ ही जल सारथी एप के माध्यम से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही जलापूर्ति की रियल टाइम स्थिति की जांनकारी प्राप्त की जा सकती है।

आख्या महोदय की सेवा में सादर प्रेषित।

भवदीय

**(राजेश कुमार गुप्ता)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासो निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
4. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।
5. मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर, हर्रा पेयजल योजना।

अधिशासी अभियन्ता

# फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना फ्लाप

## फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना फ्लाप, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश - जनपद के नव सृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई हर्रा कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। फ्लोरोसिस से ग्रामीणों...

पूर्वांचल-पूर्वी उत्तर प्रदेश



Share

Load More...

## शिक्षा




राजकुमार अकैडमी में जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता आयोजित

02 Sep 2026 20:43:30



तुलसीदास जयंती पर बच्चों ने दिखाई साहित्यिक प्रतिभा

20 Aug 2026 23:09:00



प्रकृति की रक्षा ही मानवता की सुरक्षा:केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

19 Aug 2026 14:34:03



मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के केंद्र का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण, परीक्षा की तैयारी के लिए दिया मार्गदर्शन

18 Aug 2026 21:56:00

## कारोबार



पहले अवैध शराब तस्करी में बाप, अब चोरी के मंगलसूत्र खरीदने के आरोप में पुत्र गिरफ्तार

25 May 2026 15:57:35



गन्ना नियंत्रण आदेश 1966 में संशोधन वापस लो

09 May 2026 19:41:42



कानपुर–प्रयागराज हाईवे पर कई किलोमीटर तक जाम

05 May 2026 22:30:20

एनएसई ने किया सीईआरसी नियम 2026 में मार्केट कपलिंग लागू करने का स्वागत

27 Apr 2026 17:55:51